पुलिस तकनीकी सेवायें मुख्यालय, उत्तर प्रदेश

8वाँ तल, टावर-4, पुलिस मुख्यालय, अमर शहीद पथ, गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ – 226002 e- mail : tshq@up.nic.in

पत्र सं0: TS-CCTNS-94-2017 दिनांक: दिसम्बर 4, 2019

सेवा में,

समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/ पुलिस अधीक्षक
उत्तर प्रदेश।

विषय: थाना स्तर पर नियुक्त कर्मियों हेतु विभागीय सूचनाओं का प्रचार प्रसार

महोदय,

विभागीय सूचनाएं हर कर्मी तक पहुचाना वर्तमान व्यवस्था में मुशकिल हो जाता है जिसके लिये निम्न कार्यवाही की जायेगी:

1- **नोटिस बोर्ड का प्रयोग-** CCTNS व 112 से सम्बन्धित सूचनाएं थाने पर सीधे Q-mail द्वारा प्रेषित की जायेंगी, थाना प्रभारियो से अपेक्षा है कि इन्हे विभागीय सूचनाओ के लिये निश्चित नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित करे। प्रत्येक सूचना पर यह भी लिखा होगा कि उसे किस दिनांक तक प्रदर्शित करना हैं जिसके बाद उसे हटा दिया जायेगा। उपरोक्त से संबन्धित कार्य थाने पर नियुक्त कम्प्यूटर आपरेटर अथवा CCTNS पर कार्य करने वाले आरक्षी द्वारा सम्पादित किया जायेगा।

2- **112 की MDT पर भेजे गये messages के द्वारा दी गयी सूचनाएं-** 112 में प्रयोग की जा रहीं MDT पर मैसेज के माध्यम से सूचनाएं भेजी जाएंगी।

3- **सोशल मीडिया का सीमित प्रयोग-** 112 एवं UP Police के सोशल मीडिया चैनल्स के माध्यम से कुछ सीमित सूचनाएं प्रेषित की जाएंगी।

अतः आप अपने स्तर से जनपद के समस्त थानाध्यक्षों को उपरोक्तानुसार कार्यवाही सम्पादित करने हेतु निर्देशित करना सुनिश्चित करें तथा इस कार्य का समुचित परिवेक्षण किया जाये ताकि कर्मियों को इसका सम्पूर्ण लाभ मिल सके।

(असीम अरूण)
अपर पुलिस महानिदेशक,
पुलिस तकनीकी सेवायें मुख्यालय,
उत्तर प्रदेश
(फोन: 9454400175)

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः-

1. समस्त जोनल पुलिस अपर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0
2. समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक/ पुलिस उप महानिरीक्षक, उ0प्र0

Scanned by CamScanner